QUICK NEWS

## फर्जी कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**नवी मुंबई. (का.प्र)** ऐरोली में फर्जी कॉल सेंटर खोलकर अमेरिकी नागरिकों के साथ ठगी करने वाले गिरोह का रबाले पुलिस ने पर्दाफाश किया है. इस मामले में पुलिस ने 7 लोगों को गिरफ्तार किया है. इन लोगों के पास से पुलिस ने 10 लैपटॉप, 8 मोबाइल, 4 हेडफोन व 2 राउटर बरामद किया है. सभी आरोपियों को कोर्ट के आदेश पर पुलिस की हिरासत में रखा गया है. ये सभी आरोपी अमेरिकी नागरिकों से एंटी वायरस व सिक्योरिटी सिस्टम खरीदने के लिए बाध्य करके उनसे अपने बैंक के खाते में डालर जमा करवाते थे. नवी मुंबई पुलिस आयुक्तालय के परिमंडल-1 के पुलिस उपायुक्त विवेक पानसरे के अनुसार उक्त मामले में मेहताब सैयद, नौशाद शेख, हुनेद कोठारी, सौरभ दुबे, सूरज सिंह, आसिफ शेख व धर्मेश सालियन नामक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है. आरोपी ऐरोली के शिवशंकर हाईट इमारत में अमेजान नामक फर्जी कॉल सेंटर चला रहे हैं, इसके बारे में रबाले पुलिस को जानकारी मिली थी, जिसके आधार पर रबाले पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक अजय भोसले के दस्ते ने उक्त कॉल सेंटर में छापा मारकर आरोपियों को गिरफ्तार किया.

# पटोले ने भाजपा पर बोला हमला



■ **कल्याण, (सं.)** कांग्रेस की ओर से कल्याण में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें देश में पेट्रोल, डीजल, गैस की बढ़ती कीमतों, बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी के लिए भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराने का आरोप लगाया गया. कांग्रेस की जागरूकता रैली में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले मौजूद थे. उन्होंने कहा कि भाजपा शासन में लोगों को लूटा जा रहा है. इसको लेकर जागरूकता अभियान महाराष्ट्र में नहीं बल्कि पूरे देश भर में चलाया जा रहा है.

### निकली जागरूकता रैली

पटोले ने संवाददाताओं से कहा कि कांग्रेस ने पहले कहा था कि मुंबई में क्रूज पार्टी में भाजपा का हाथ है. भाजपा नेता महाराष्ट्र को बदनाम कर रहे हैं, यह बिहार चुनाव में देखा गया था और भाजपा ने बिहार चुनाव में भी सुशांत सिंह राजपूत का मामला उठाया था. कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने बीजेपी पर उत्तर प्रदेश चुनाव जीतने के लिए ड्रग्स का इस्तेमाल करने का जोरदार आरोप लगाया और कहा भाजपा लगातार केंद्रीय तंत्र का इस्तेमाल कर महाराष्ट्र को बदनाम कर रही है.

## कहा, क्रूज पार्टी में बीजेपी का हाथ

### महाराष्ट्र को बदनाम करना बंद करें

1 यह वानखेड़े मामले में साबित हो गया है. केंद्र सरकार को तुरंत महाराष्ट्र को बदनाम करना बंद कर देना चाहिए. नाना पटोले ने कल्याण में जन जागरण यात्रा के दौरान कहा कि महाराष्ट्र की छवि को खराब करने की किसी भी कोशिश को महाराष्ट्र की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी. कोरोना महामारी से लोग आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं. उसके बाद भी भाजपा ने जीवन रक्षक वस्तुओं के दाम बढ़ा कर लोगों की जेबें काटना शुरू कर दिया है.

2 पेट्रोल-डीजल की दर में 60 रुपये बैलेंस के तौर पर लूटा जा रहा है. उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस द्वारा महाराष्ट्र सरकार से वैट कम करने और राज्य के लोगों को राहत देने का अनुरोध किया गया है.

### देश को बेचने की तैयारी में मोदी सरकार



**उल्हासनगर.** महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने यहां कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार सरकारी महकमे को उद्योगपतियों को बेचने में लगी है. बीएसएनएल, एलआईसी, एयर पोर्ट, रेलवे के बाद देश की सीमा पर लड़ने वाले भारतीय सैनिकों के लिए रक्षा सामग्री बनाने वाली देश की सभी आयुध निर्माणियों का निगमीकरण कर दिया है. केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश को बेचने की तैयारी में है. इसको बचाने का काम केवल कांग्रेस कर सकती है इसलिए सभी को मिलकर देश बचाने के लिए कांग्रेस को साथ देना चाहिए. महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले द्वारा संगठन में नवचेतना लाने व संगठन को पुराना वैभव दिलाने के लिए राज्य स्तरीय जन जागरण अभियान शुरू किया है. इस अभियान के तहत रविवार की शाम को स्थानीय महात्मा गांधी विद्यालय में ठाणे जिला ग्रामीण कांग्रेस के अध्यक्ष दयानंद चौरघे की अध्यक्षता में कांग्रेस के शहर अध्यक्ष प्रदीप पाटिल ने कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया था. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पटोले ने उक्त बात कही.

### बड़े दल के रूप में उभरेगी कांग्रेस

खचाखच भरे हॉल में उन्होंने यह भी दावा किया कि आगामी चुनावों में राज्य व देश में कांग्रेस सबसे बड़े दल के रूप में उभरेगी. इसी तरह पटोले ने भाजपा को मनुवादियों की पार्टी बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की नीति के कारण लोग बेरोजगार हो रहे हैं. इससे पहले दोपहर में पटोले ने जिला उल्हासनगर जिला अध्यक्ष रोहित सालवे आयोजित उल्हासनगर में श्रीराम टाकीज चौक से शिवाजी चौक के बीच लंबी पदयात्रा की. इस दौरान उन्होंने लोगों से संवाद साधा. वहीं प्रदेश अध्यक्ष पटोले अपरान्ह बदलापुर पहुंचे, वहां कांग्रेस शहर अध्यक्ष संजय जाधव द्वारा बनाए गए पार्टी कार्यालय का उद्घाटन किया एवं नए पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए.

### कंटेनर समेत ट्रेलर रेलवे लाइन पर गिरा

# 9 घंटे रेल सेवा बाधित



■ **नवी मुंबई, (का. प्र.)** सोलर पैनल से भरा कंटेनर लेकर एक ट्रेलर जेएनपीटी बंदरगाह से नवी मुंबई की ओर आ रहा था. उलवे नोड के गव्हाण फाटा के पास बने उड़ान पुल पर से गुजरते समय यह ट्रेलर पुल के नीचे से गुजरने वाली रेलवे लाइन पर गिर गया. इस भीषण हादसे में ट्रेलर चालक की मौत हो गई. इस घटना के चलते जेएनपीटी आयात व निर्यात का माल ढ़ोने वाली माल गाड़ियों की सेवा 9 घंटे तक बाधित रही. न्हावा शेवा पुलिस स्टेशन में इस मामले को दर्ज किया गया है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार उक्त घटना शनिवार देर रात में हुई.

### ट्रेलर चालक की मौत

जेएनपीटी से आने वाला उक्त ट्रेलर जब गव्हाण फाटा के पास बने उड़ान पुल पर से गुजर रहा था, तभी ट्रेलर चालक का नियंत्रण उस पर से छूट गया, जिसकी वजह से यह ट्रेलर कंटेनर समेत 40 फुट की ऊंचाई से नीचे गिर गया. इस पुल के नीचे से जेएनपीटी से पनवेल को जोड़ने वाली रेलवे लाइन गुजरती है. कंटेनर के साथ ट्रेलर के इस लाइन पर गिरने की वजह से माल ढ़ोने वाली माल गाड़ियों की सेवाएं 9 घंटे तक बाधित हुईं. यह हादसा रात के वक्त हुआ, जिसकी वजह से रेलवे लाइन से ट्रेलर व कंटेनर का मलबा हटाने में दिक्कत पैदा हुई. रविवार की सुबह में रेलवे लाइन पर से उक्त मलबे को हटाने का काम किया गया.

# पुलिस के हत्थे चढ़े नशे के सौदागर

**16** लाख की एम डी बरामद | **02** अलग-अलग स्थानों पर हुई कार्रवाई

■ **मुंब्रा, (सं.)** शहर में फलफूल रहे नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिये मुंब्रा पुलिस द्वारा जोरदार अभियान चलाया जा रहा है. इसमें पुलिस को सफलता भी मिल रही है. नशा विरोधी इकाई द्वारा अलग-अलग ठिकानों पर की गई कार्रवाई में एक नाइजीरियन समेत दो सौदागरों को गिरफ्तार किया गया है. इन आरोपियों से कुल 16 लाख 6 हजार 320 रुपये की 210 ग्राम एम डी बरामद की गई है. मिली जानकारी के अनुसार नशे के कारोबार पर लगाम कसने के लिए ठाणे पुलिस आयुक्त जयजीत सिंह के निर्देश पर आयुक्तालय क्षेत्र में विशेष ड्राइव अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान ठाणे मादक पदार्थ विरोधी दस्ते द्वारा मुंब्रा के अलग-अलग ठिकानों पर छापा मार कर गत सप्ताह चंचल चिनौरिया और मोहम्मद आरिफ शफी नामक नशा कारोबारियों को गिरफ्तार किया था. इनसे 95 हजार की एम डी बरामद की गई थी. इनसे की गई गहन पूछताछ में दो और लोगों के नाम सामने आये, जो बड़े पैमाने पर नशे के कारोबार में लिप्त हैं.

### एक नाइजीरियन भी पकड़ाया



### पुलिस को आरोपी के आने की मिली थी जानकारी

■ इसके आधार पर पुलिस उप निरीक्षक हर्षद काले ने एनडीपीएस की टीम के साथ शेवाले के दिशा निर्देश में मुंब्रा बायपास मार्ग के समीप जाल बिछाया. कुछ देर में जैसे ही नाइजीरिया आया, उसको ताबे में लेकर उसकी तलाशी ली गई.

■ जांच में उसके पास से 100 ग्राम एम डी पाउडर बरामद हुआ. इसकी कीमत 5 लाख 6 हजार रुपए बताई गई है. इसका नाम गोडविन्‍ इमानियल इफेनजी (41) बताया गया है, जो नवी मुंबई का रहने वाला है. कानूनी कार्रवाई कर इसको न्यायालय के समक्ष पेश करने पर 3 दिन पुलिस हिरासत में रखने का आदेश दिया गया है. इस तरह की दूसरी कार्रवाई में पुलिस टीम ने अमृतनगर दरगाह रोड पर रहने वाले नशे के बड़े सौदागर नदीम मेहबूब खान (40) को खड़ी मशीन बायपास मार्ग के पास से पकड़ने में सफलता पाई है.

## नौकर ने बेच दिया सवा करोड़ का माल



**भिवंडी.** भिवंडी तालुका स्थित दापोड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र स्थित एक गोदाम मालिक की अनुपस्थिति में नौकर ने चोरी से लोहे की छड़, लोहे की पाइप व स्क्रैप आदि भंगार सामग्री बेचकर मालिक को सवा करोड़ रुपये का चूना लगाने का मामला प्रकाश में आया है. नारपोली पुलिस ने मालिक की शिकायत पर नौकर पर भादंवि की धारा 406 के तहत मामला दर्ज कर लिया है.

### जयेश से ली गोदाम की चाबी

मिली जानकारी के अनुसार मुंबई निवासी लोहे के व्यापारी पीरचंद्र मिश्रीमल भंसाली (66) की शेलुमाता कंपाउंड दापोड़ा में गोदाम है. उक्त गोदाम में अंजूरफाटा निवासी हप्पूराम बिश्नोई नौकर के रूप में काम करता था. लाकडाउन में गोदाम बंद होने के बावजूद सितंबर 2020 से 27 जुलाई 2021 की समयावधि में नौकर ने पीरचंद्र मिश्रीमल भंसाली के लड़के जयेश भंसाली को विश्वास में लेकर उससे गोदाम की चाबी ली. गोदाम में रखी लोहे की सामग्री तथा स्क्रैप कुल 1 करोड़ 30 लाख रुपये का माल बेचकर फरार हो गया है.

### मनपा प्रशासन का बढ़ा टेंशन

# भिवंडी में बढ़ा कोरोना का कहर

■ **भिवंडी, (सं.)** दीपावली पर्व के बाद भिवंडी में फिर कोरोना मरीजों का आंकड़ा बढ़ना शुरू हो गया है. दीपावली त्योहार के दौरान बाजारों में कोरोना प्रोटोकॉल का उल्लंघन कर हुई बेतरतीब भीड़भाड़ का परिणाम अब प्रत्यक्ष दिखाई पड़ने लगा है. विगत 1 सप्ताह में करीब 2 दर्जन मरीज भिवंडी शहर में पाए जाने से मनपा स्वास्थ्य विभाग में बेचैनी फैली है. मनपा प्रमुख वैद्यकीय अधिकारी डॉक्टर कारभारी खरात ने शहरवासियों से अपनी एवं परिवार की सुरक्षा की खातिर कोरोना प्रोटोकॉल का शत-प्रतिशत अनुपालन किए जाने का आह्वान किया है. गौरतलब है कि दीपावली पर्व के पूर्व भिवंडी मनपा क्षेत्र अंतर्गत कोरोना का आंकड़ा कमोबेश नगण्य था. कभी कभार 1-2 कोरोना संक्रमित मरीज मिलते थे. मरीजों का ग्राफ बेहद कम होने से मनपा प्रशासन कोरोना संक्रमण प्रसार को लेकर काफी हद तक निश्चिंत हो गया था, लेकिन दिवाली पर्व पर बाजारों में खरीदी के दौरान की गई लापरवाही ने फिर चिंता बढ़ा दी है.



**01** सप्ताह में मिले 2 दर्जन मरीज

**500** से अधिक लोगों की अभी तक मौत

### दिवाली पर की गई लापरवाही का खामियाजा

1 विगत सप्ताह में दिवाली के दौरान की गई लापरवाही से कोरोना मरीजों में इजाफा हो रहा है. मनपा क्षेत्र अंतर्गत रहिवासी, झोपड़पट्टी सहित पावरलूम क्षेत्रों में करीब 2 दर्जन से अधिक कोरोना संक्रमित मरीज पाए जाने से मनपा स्वास्थ्य विभाग की बेचैनी बढ़ गई है.

2 मनपा प्रशासन द्वारा शहरवासियों से बारंबार कोरोना प्रोटोकॉल का पालन किए जाने की अपील बेअसर साबित हो चुकी है. मनपा प्रमुख वैद्यकीय अधिकारी डॉक्टर कारभारी खरात का कहना है कि भिवंडीवासी कोरोना संक्रमण को लेकर बेहद लापरवाही बरतने लगे हैं.

■ विगत वर्ष कोरोना महामारी की वजह से लोगों ने काफी परेशान झेली एवं करीब 500 से अधिक लोग जान गवां बैठे हैं. कोरोना महामारी की विकरालता को देखने वाले तमाम नागरिक बेपरवाह हो गए हैं, जो बेहद चिंताजनक है. अगर समय रहते शहरवासियों ने कोरोना निर्देशों का अक्षरश: पालन नहीं किया तो स्थिति गंभीर होने से इनकार नहीं किया जा सकता है.

## लूट के इरादे से हत्या

**नवी मुंबई.(का.प्र)** वाशी व मानखुर्द के दौरान लोकल में यात्रा कर रहे एक यात्री से मोबाइल लूटने के लिए लुटेरे ने चाकू से हमला कर दिया. इस हमले की वजह से यात्री की मौत हो गई. इस मामले में मुंबई पुलिस की क्राइम युनिट 6 ने आरोपी को नवी मुंबई के खारघर स्थित कोपरागांव से गिरफ्तार करके वाशी रेलवे पुलिस के हवाले किया है. वाशी रेलवे पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वी.डी केसरकर के अनुसार उक्त मामले में पप्पू कुंजी शेख उर्फ साकेत उर्फ रमजान (30) गिरफ्तार किया गया है. 20 नवंबर को आरोपी ने वाशी से मानखुर्द की ओर जाने वाली लोकल में सफर कर रहे दीपक चंद्रकांत हिरे (29) क से मोबाइल छीनने का प्रयास किया. इसका विरोध करने पर आरोपी ने दीपक पर चाकू से हमला कर दिया. लोकल के मानखुर्द रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर आरोपी उतर कर भागने लगा था, जिसका पीछाकर के दीपक ने पकड़ लिया. इस दौरान आरोपी ने दीपक पर फिर से चाकू से हमला किया, जिसकी वजह से दीपक की मौत हुई. आरोपी को पकड़ने के लिए रेलवे पुलिस के कई दस्ते बनाए गए थे.

## 800 परिवारों को किफायती घर



■ **कल्याण, (सं.)** प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत समाजसेवी संस्था आरजू स्वाभिमान नागरिक समिति कम आय वाले परिवारों का घर का सपना साकार कर रही है. संस्था ने अब कल्याण-पूर्व में पिसवली क्षेत्र में अफोर्डेबल हाउसिंग का निर्माण कर निम्न आय वर्ग के 800 परिवारों को सस्ते दाम पर घर उपलब्ध कराए हैं. रविवार को आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र मेहता ने घरों की चाभी जरूरतमंद लोगों को वितरित की. संस्था ने अब तक 3,000 से अधिक अफोर्डेबल आवास 27 मुंबई तथा उपनगरों में प्रधानमंत्री आवास योजना की सब्सिडी का लाभ दिलाते हुए उपलब्ध कराए हैं. मेहता ने बताया कि हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य मुंबई को झोपड़ा मुक्त करना है तथा आम जनता को सस्ते में घर उपलब्ध कराना है.

## 1 दिन में 16 हजार को वैक्सीन

■ **ठाणे, (सं.)** कोरोना प्रतिबंधात्मक लसीकरण मुहिम के अंतर्गत ठाणे जिले में दर्ज आंकड़ों के अनुसार रविवार को शाम 7 बजे तक 16 हजार 39 नागरिकों का टीकाकरण किया गया. मिली जानकारी के अनुसार जिले में अभी तक कुल 90 लाख 33 हजार 710 नागरिकों का टीकाकरण किया जा चुका है. जिसमें 57 लाख 34 हजार 283 नागरिकों को पहली डोज तथा 32 लाख 89 हजार 427 नागरिकों को दूसरा डोज दिया गया है. जिला प्रशासन के आदेशानुसार ग्रामीण क्षेत्रों के साथ शहरी भागों में टीकाकरण मुहिम लगातार चलाई जा रही है. जिसके तहत टीकाकरण का करीब 223 सत्र आयोजित किये गये.

## अपहरणकर्ताओं की तलाश में पुलिस

■ **उल्हासनगर, सं.** एक सब्जी विक्रेता व उसके ड्राइवर का अपहरण करने के मामले में हिललाइन पुलिस ने 2 अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है. उल्हासनगर के विठ्ठल नगर के निवासी रामकेवल चौहान सब्जी का कारोबार करते हैं. वे अपने टेम्पो के पास खड़े थे, उसी समय दो युवक चाकू लेकर आए. दोनों ने उन्हें टेम्पो में बिठाकर ले गए. कुछ दूर ले जाकर रामकेवल चौहान की जेब से 12 हजार निकाल कर फरार हो गए. स्थानीय पुलिस रविवार की सुबह मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू की है.


SBI
भारतीय स्टेट बैंक
कॉरपोरेट सेंटर, स्टेट बैंक भवन, मादाम कामा रोड, मुंबई - 400021

सूचना

शेयरधारकों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि एसबीआई के शेयर का अंकित मूल्य रु. 10 से विभक्त करके रु. 1 करने की प्रक्रिया में बैंक द्वारा जारी शेयर प्रमाण-पत्र, जिनका अंकित मूल्य रु. 10 है, दिनांक 22 नवंबर 2014 से प्रभावी होकर अमान्य हो जाएँगे. इस संबंध में दिनांक 05.11.2014 को भारत के राजपत्र में एक अधिसूचना प्रकाशित की गई थी. तदनुसार, सभी उद्देश्यों से, इस सूचना में दिए गए शेयरों के विवरण रु. 1 अंकित मूल्य के शेयर प्रमाण-पत्रों के हैं. एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि बैंक की निम्न उल्लेखित प्रतिभूतियों के लिए शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र पंजीकृत धारक/धारकों से उक्त शेयर/बॉण्ड की नियत अवधि में उपयुक्त रूप से पूर्णकृत अंतरण अनुबंध(धों) के साथ/बिना गुम/खो गए हैं और उन्होंने बैंक को उनके नाम से डुप्लिकेट शेयर/बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने हेतु आवेदन किया है. कोई भी व्यक्ति जिसका उक्त शेयर/बॉण्ड के संबंध में कोई दावा है, उसे ऐसा कोई भी दावा बैंक के अंतरण अभिकर्ता, मे. एलंकिट असाइनमेंट्स लिमिटेड, 205-208, अनारकली कॉम्प्लैक्स, झंडेवालाँ एक्सटेंशन, नई दिल्ली - 110055, (ई-मेल आईडी: sbi.igr@alankit.com) पर इस तिथि से 7 दिनों के भीतर के पास दर्ज करवाना चाहिए, अन्यथा, बैंक द्वारा किसी भी आगामी सूचना के बिना, डुप्लिकेट शेयर बॉण्ड प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ा दी जाएगी.

भारतीय स्टेट बैंक

| क्र. सं. | फोलियो सं. | धारक(कों) का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या से | प्रमाणपत्र संख्या तक | विशिष्ट संख्या से | विशिष्ट संख्या तक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 07422605 | विद्यावती एस | 220 | 6222803 | 6222803 | 8015278447 | 8015278666 |
| 2 | 07202654 | संदीप दहले | 30 | 242844 | 242844 | 7465659491 | 7465659520 |
| 3 | 01976931 | दविंदर प्रताप | 670 | 166626 | 166627 | 7430118751 | 7430119420 |
| 4 | 07403775 | प्रसन्नकुमार एम | 220 | 6204481 | 6204481 | 8010170513 | 8010170732 |
| 5 | 07406745 | सोसम्मा कल्लुंकल थॉमस | 110 | 6207422 | 6207422 | 8012188804 | 8012188913 |
| 6 | 07525152 | मोती सिंह | 280 | 6325168 | 6325168 | 8063620622 | 8063620901 |
| 7 | 07422604 | सोमशेखरन नायर के | 220 | 6222802 | 6222802 | 8015278227 | 8015278446 |
| 8 | 02474370 | योगेंद्र के सक्सेना | 500 | 196075 | 196075 | 7445254951 | 7445255450 |
| 9 | 00805544 | देव नारायण मंडल<br>गीता कुमारी | 530 | 64403 | 64404 | 7388819861 | 7388820390 |
| 10 | 01636565 | दिलीप कुमार<br>जयंतीलाल कोठारी | 500 | 146944 | 146944 | 7420121361 | 7420121860 |
| 11 | 07505208 | देव किशन सोनार | 280 | 6305273 | 6305273 | 8058931077 | 8058931356 |
| 12 | 02482346 | भगवती प्रसाद पांडे | 500 | 196606 | 196606 | 7445534241 | 7445534740 |
| 13 | 01974092 | महावीर शंकर माथुर | 650 | 166495 | 166495 | 7430054481 | 7430055130 |
| 14 | 01868664 | बनमाली बोरठाकुर | 600 | 159156 | 159156 | 7426325621 | 7426326220 |
| 15 | 07518875 | कृष्ण लाल शर्मा | 140 | 6318909 | 6318909 | 8062174553 | 8062174692 |
| 16 | 02378413 | नर्मदा गहलोत | 500 | 192322 | 192322 | 7443364221 | 7443364720 |
| 17 | 01172820 | विजय नारायण पांडे | 600 | 120603 | 120603 | 7406591061 | 7406591660 |
| 18 | 07524141 | भारमल सिंह | 140 | 6324160 | 6324160 | 8063319856 | 8063319995 |
| 19 | 07102840 | सुमति प्रसाद अम्मापल्ली | 400 | 228240 | 228240 | 7460238481 | 7460238880 |
| 20 | 00911478 | रवींद्र विष्णुदास मांजरेकर | 710 | 103735 | 103736 | 7398553191 | 7398553900 |
| 21 | 01451630 | अशोक अप्पासाहेब मगदुम<br>विजया अशोक मगदुम | 670 | 132853 | 132854 | 7412753491 | 7412754160 |
| 22 | 07508290 | सतीश कुमार | 140 | 6308352 | 6308352 | 8059665337 | 8059665476 |
| 23 | 07500031 | राजीव गुप्ता | 560 | 6300114 | 6300114 | 8057704803 | 8057705362 |
| 24 | 01063653 | सतिंदर कौर<br>स्वर्ण कौर | 500 | 113057 | 113057 | 7402793011 | 7402793510 |
| 25 | 00889629 | बीर चंद्र शर्मा<br>अमिता शर्मा | 830 | 95975 | 95976 | 7396718871 | 7396719700 |
| 26 | 07414274 | वल्लीकट सियाली | 132 | 6214720 | 6214720 | 8013711967 | 8013712098 |
| 27 | 00726368 | सुहास सदाशिव भागवत<br>प्रदन्या सुहास भागवत | 630 | 35395 | 35396 | 7381722641 | 7381723270 |
| 28 | 01128539 | चंद्र भान शर्मा<br>कृष्णा देवी<br>सूर्यकांत वशिष्ठ | 500 | 117788 | 117788 | 7405174621 | 7405175120 |
| 29 | 01882164 | कौलेश्वर पांडे<br>मंजू पांडे | 500 | 160695 | 160695 | 7427108091 | 7427108590 |
| 30 | 01921698 | ज्योति भाटिया | 650 | 164015 | 164015 | 7428786291 | 7428786940 |
| 31 | 02184959 | सी इलावलकी<br>एस चोकालीमगण | 500 | 178423 | 178423 | 7436221021 | 7436221520 |

**उपरोक्त आँकड़े स्टॉक विभक्ति के परिणामस्वरूप रु. 1/- के अंकित मूल्य के वर्तमान शेयरों के विवरण प्रस्तुत करते हैं (रिकॉर्ड दिनांक 21.11.2014).**

**स्थान:** मुंबई
**दिनांक:** 22.11.2021
शेयरों की संख्या: 13412
प्रमाण पत्रों की संख्या: 37
महाप्रबंधक
(शेयर एवं बांड)



पुणे महानगरपालिका
पुणे अद्वितीय & Unique

निविदा प्रक्रिया कक्ष
ई-निविदा जाहिरात-नविन कामे

विक्री कालावधी दिनांक :- २२/११/२०२१ ते ०१/१२/२०२१ दुपारी २.३० पर्यंत
स्विकृती दिनांक :- २२/११/२०२१ ते ०१/१२/२०२१ दुपारी २.३० पर्यंत
जाहिरात क्र. २/७०२ दि. १८/११/२१
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक :- ०२/१२/२०२१ दु. ३.०० वा.

| | निविदा क्र. | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत रू | अंदाजित पुर्व गणित रक्कम रू | बयाणा रक्कम रूपये | कामाची मुदत | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दुरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | PMC/ELECTRICAL/2021/131 | विद्युत विभाग | विठठलवाडी मैलापाणी शुध्दीकरण केंद्र येथील सेंकेंडरी सेटलिंग टँक मधील ट्युब सेटलर मिडीया पुरविणे, बसविणे चालू करून देणे. | 1,359.00 | 4,618,900.00 | 46,189.00 | 6 महिने | श्रीमती भाग्यश्री चौगुले 9689931449 |
| 5 | PMC/ELECTRICAL/2021/132 | विद्युत विभाग | एरंडवणे मैलापाणी शुध्दीकरण केंद्र येथे ट्युब सेटलर मिडीया पुरविणे, बसविणे व चालू करून देणे. | 6,079.00 | 5,061,000.00 | 50,610.00 | 6 महिने | श्रीमती भाग्यश्री चौगुले 9689931449 |

सही/-
प्रमोद वा. उंडे
कार्यकारी अभियंता (विद्युत),
मलनिःसारण विभाग, पुणे महानगरपालिका

निविदा प्रक्रिया कक्ष
ई-निविदा जाहिरात-नविन कामे

विक्री कालावधी दिनांक :- २२/११/२०२१ ते ०६/१२/२०२१ दुपारी १२.०० पर्यंत
स्विकृती दिनांक :- २२/११/२०२१ ते ०६/१२/२०२१ दुपारी १२.३० पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक :- ०७/१२/२०२१ दु. १२.३०

| अ. क्र. | निविदा क्र. | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत रू | अंदाजित पुर्व गणित रक्कम रू | बयाणा रक्कम रू. | कामाची मुदत | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दुरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | PMC/GARDEN/2021/117 | उद्यान विभाग | राजीव गांधी प्राणी संग्रहालय केंद्रीय प्राणी संग्रहालयाच्या निकषांनुसार चोशिंगा खंदक उभारणे. | 6079.00 | 12065946.34 | 120660.00 | ८ महिने | श्री. सपकाळ ९६८९९३१८१३ |
| २ | PMC/GARDEN/2021/118 | उद्यान विभाग | राजीव गांधी प्राणी संग्रहालय केंद्रीय प्राणी संग्रहालयाच्या निकषांनुसार झेब्रा खंदक उभारणे. | 6079.00 | 13500211.98 | 135010.00 | ८ महिने | श्री. सपकाळ ९६८९९३१८१३ |

सही/-
(अशोक दि. घोरपडे)
मुख्य उद्यान अधिक्षक, पुणे महानगरपालिका

निविदा प्रक्रिया कक्ष पथ विभाग

विक्री कालावधी दिनांक :- 22/11/2021 सकाळी ९.०० वा. ते दिनांक :- 13/12/2021 दुपारी २.३० पर्यंत
स्विकृती दिनांक :- 22/11/2021 सकाळी ९.०० वा. ते दिनांक 13/12/2021 दुपारी २.३० पर्यंत
तांत्रिक निविदा उघडणे प्रक्रिया दिनांक :- 15/12/2021 दुपारी ३.०० वा. (शक्य झाल्यास)

| निविदा क्र. | खात्याचे नाव | कामाचे नाव | निविदा संच किंमत रक्कम रु. | अंदाजित पुर्वगणित रक्कम रु. | बयाणा रक्कम रु. (EMD) | कामाची मुदत | निविदा विषयक जबाबदार व्यक्तीचे नाव व दूरध्वनी क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| PMC/ROAD/2021/224 | पथ विभाग | प्रभाग क्र ३८ कात्रज गुजरवाडी फाटा ते स.नं ४५ पर्यंत १८ मी डी.पी रस्ता विकसित करणे. | 6,079.00 | 1,36,58,181.23 | 1,40,000.00 | ४ महिने | श्री डी बी तांबारे ९६८९९३१८४९ |
| PMC/ROAD/2021/225 | पथ विभाग | स.नं.45 मधून गुजरवाडी रोड ते ओढ्यापर्यंत जाणारा 12 मी. डि.पी. रस्ता विकसित करणे. | 6,079.00 | 1,16,18,424.02 | 1,20,000.00 | ४ महिने | श्री डी बी तांबारे ९६८९९३१८४९ |
| PMC/ROAD/2021/226 | पथ विभाग | प्रभाग क्र ४१ मधील काकडे वस्ती रस्ता व परिसर विकसित करणे. | 6,079.00 | 1,11,92,532.00 | 1,27,000.00 | ४ महिने | श्री विकास मोळावडे ९९७५२९५७६७ |

अ) सदर कामांबाबत निविदा अटी/शर्ती इ. बाबतचा सर्व तपशील निविदा संचामध्ये नमूद केला असून सदर कामांचे निविदा संच www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर पाहण्यासाठी उपलब्ध आहे. निविदा संचाची विक्री व स्विकृती सदर वेबसाईटवरून फक्त ऑनलाईन पद्धतीने करण्यात येत असून सर्व निविदा दोन पाकीट पद्धतीने मागविण्यात येत आहेत.
ब) निविदा विक्रीच्या शेवटच्या दिवशी निविदा संच प्राप्त न झाल्यास व स्विकृतीच्या शेवटच्या दिवशी ऑनलाईन सादरीकरण न झाल्यास याची सर्वस्वी जाबाबदारी टेंडरदाराची/ठेकेदारांची राहील.
क) ऑनलाईन निविदा प्रक्रिये बाबतची संपूर्ण माहिती पथ विभाग पुणे महानगरपालिका येथे मिळेल.
ड) कार्यालयीन आदेश क्र अतिमआ(वि)/३२ दिनांक २२/०४/२०१६ नुसार बयाणा रक्कम इ.सी.एस/आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी सुविधेमार्फतच स्विकारण्यात येणार आहे.

सही/-
(विजयकुमार शिंदे)
अधिक्षक अभियंता (पथ), पुणे महानगरपालिका


स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट्स प्रा. लि. हेतु लेसी, नवभारत प्रेस लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विनोद माहेश्वरी द्वारा नवभारत भवन, प्लॉट नं. 13, सेक्टर-8, सानपाड़ा (पूर्व), नवी मुंबई- 400 705 से मुद्रित तथा 189-ए, आनंद कॉम्पलेक्स, एस.जी. मार्ग, चिंचपोकली, मुंबई - 400 011 से प्रकाशित. एडिटर इन चीफ- विनोद माहेश्वरी, प्रबंध सम्पादक- निमिष माहेश्वरी. वर्ष 25 अंक 41 RNI Reg. No. 66960/97 To post without prepayment Regr. No. 29, Licence No. 6. मुंबई ■ फोन : 022-49642309 फोन : 27756117/ 27756119 दिल्ली : 011- 233 54 237/8. ■ E-Mail-mumbainbp@gmail.com (गोवा के लिए एयर सरचार्ज-1 रुपए).